# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

## मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## सोमवार, 4 अप्रैल, 2016/15 चैत्र, 1938 (शक्)

----

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

**कुल प्रश्न - 32**

----

### मध्य हिमालय जलागम विकास परियोजना

***3159 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में मध्य हिमालय जलागम विकास परियोजना के अन्तर्गत विकास खण्ड द्रंग व चौंतड़ा (जिला मण्डी) में कौन-कौन से कार्य किस-किस पंचायत में करवाए गए; इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) इन कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है तथा यह किस-किस एजैंसी के माध्यम से करवाए गए; ब्यौरा दें ?

----

### मल-प्रवाह योजना

***3160 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत पांच वर्षों से भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत चुवाड़ी की मल-प्रवाह योजना के लिए 412.93 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत है; और

(ख) यदि हां, तो यह धनराशि कब तक व्यय की जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल/सिंचाई योजना

***3161 श्री गोविन्द राम शर्मा(अर्की) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) रामशहर उठाऊ पेयजल योजना से कितनी पंचायतें लाभान्वित होनी प्रस्तावित हैं;

(ख) सरकार इस योजना को कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें; और

(ग) सिंचाई योजना देवली (डुमेहर-पपलोटा) की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## नुकसान का आकलन

***3162 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने प्रदेश में सूखा पड़ने के कारण फसलों, सब्जियों व फलों को हो रहे नुकसान बारे आकलन करवाया है;

(ख) यदि हां, तो आकलन का क्या परिणाम रहा; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ग) यदि नहीं, तो कारण ?

----

## Survival Rate of Plantation

***3163 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years what was the targets & achievements in respect of plantation in the State vis-a-vis Nalagarh Assembly Constituency;

(b) what was the survival rate of the State vis-a-vis Nalagarh Assembly Constituency; and

(c) whether the Government will fix responsibility of the officers/officials for low survival rate in the Pradesh?

----

## Filling up of vacant post

***3164 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that several posts of Doctors and Pharmacists are lying vacant in District Lahaul & Spiti; details be given; and

(b) what steps are being taken to fill up the vacant posts ?

----

## बागवानों को उपदान

***3165 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि उद्यान विभाग द्वारा बागवानों को पॉलीहाऊस लगाने हेतु 85 प्रतिशत उपदान दिया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ऐसे कितने बागवान हैं जिन्होंने पॉलीहाऊस का निर्माण कर लिया है परन्तु उन्हें अनुदान राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है; इन्हें कब तक यह राशि प्रदान कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## प्रतिनियुक्ति पर रोक

***3166 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के किसी भी कर्मचारी को भाखड़ा ब्यास प्रबन्धन बोर्ड में प्रतिनियुक्ति पर भेजने पर रोक लगायी हुई है; और

(ख) यदि हां, तो कितने कर्मचारी भाखड़ा ब्यास प्रबन्धन बोर्ड में प्रतिनियुक्ति पर हैं; ब्यौरा दें?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

***3167 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पी0एच0सी0 चण्डी, पट्टा, कुठाड़, बरोटीवाला, साई व सी0एच0सी0 बद्दी में डाक्टरों के कितने-कितने पद सृजित हैं व इनमें से कितने भरे हुए हैं तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(ख) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा?

----

## Schemes Under NABARD

*3168 **Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years in Nurpur Assembly Constituency how many schemes of Irrigation and Public Health Department have been approved by the NABARD; details with name alongwith sanctioned amount be given; and

(b) what is the amount released year-wise against each scheme; details be given?

----

## भवन निर्माण

*3169 **श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में जिला ऊना के अन्तर्गत धुसाड़ा पंचायत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया; और

(ख) यदि हां, तो कब; इसका भवन निर्माण कब तक शुरू किया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## उप-बिक्री केन्द्र

*3170 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मोडावग में बागवानी विभाग द्वारा उप-बिक्री केन्द्र खोला गया था;

(ख) यह भी सत्य है कि विभाग ने इस उप-बिक्री केन्द्र को मोडावग से स्थानांतरित कर दिया है; यदि हां, तो कारण;

(ग) मोडावग में क्या उप-बिक्री केन्द्र का भवन बनाने हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; और

(घ) बागवानी प्रसार अधिकारी (HEO) का पद कब से रिक्त है तथा इस पद को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## चिकित्सा विशेषज्ञ का स्थानांतरण

***3171 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि क्षेत्रीय अस्पताल सोलन से नाहन में बने मैडिकल कॉलेज हेतु चिकित्सा विशेषज्ञ स्थानांतरित किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो वह किस-किस चिकित्सा (विभाग) से सम्बन्धित हैं; ब्यौरा रिक्त हुए पदों का दें; और

(ग) सरकार इन रिक्तियों के विरूद्ध नई नियुक्तियां कब तक करने का विचार रखती है?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाएं

***3172 श्री यादविन्द्र गोमा(जयसिंहपुर) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) गत तीन वर्षों में जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य विभाग के मण्डल पालमपुर और थुरल में पेयजल व सिंचाई योजनाओं हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई;

(ख) इस अवधि में विधायक प्राथमिकताओं के अंतर्गत कौन-कौन सी पेयजल व सिंचाई योजनाओं की डी0पी0आर0 विभाग द्वारा तैयार की गई; और

(ग) इस अवधि में कितनी धनराशि दोनों मण्डलों हेतु नाबार्ड के अन्तर्गत स्वीकृत हुई तथा किस-किस पेयजल व सिंचाई योजना पर व्यय की गई; ब्यौरा दें ?

----

## सड़क किनारे अतिक्रमण

***3173 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि फेज-III, न्यू शिमला में कुछ लोगों द्वारा सड़क के किनारे पैरापिटों के साथ ढारे बनाकर सड़क पर अतिक्रमण किया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस अतिक्रमण को हटाने के लिए क्या पग उठाए गए; ब्यौरा दें ?

----

## पद पूर्ति

***3174 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में वन विभाग में कितने-कितने पद वन रक्षक एवं उप-परिक्षेत्र अधिकारी के मण्डलशः रिक्त हैं; और

(ख) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा ?

----

## इको टूरिज्म

***3175 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा मनाली शहर और हिडिम्बा माता मन्दिर के साथ वाईल्ड लाईफ के अधीन जंगलों में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठा रही है; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि इन जंगलों में पर्यटकों और स्थानीय लोगों को अन्दर जाने के लिए शुल्क अदा करना पड़ता है;

(ग) यदि हां, तो कितना; और

(घ) गत तीन वर्षों में इससे कितनी धनराशि प्राप्त हुई; यह राशि कहां-कहां खर्च की गई; ब्यौरा दें?

----

## स्वच्छ पेयजल आपूर्ति

***3176 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्तमान में जिला ऊना के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्रवार कितनी पेयजल योजनायें हैं जिनके द्वारा लोगों को शुद्ध पेयजल दिया जा रहा है;

(ख) उनमें से कितनी योजनायें वर्तमान में चालू हैं; ब्यौरा पेयजल योजना के नाम सहित दें;

(ग) कितनी पेयजल योजनाओं के लिए underground storage tank बनाए गए हैं;

(घ) ऐसी कितनी गैलरियों का कब-कब शुद्धीकरण और कलोरीनेशन किया गया; ब्यौरा दें;

(ङ) दिनांक 31-1-2016 तक किस-किस योजनाओं व टैंकों के पानी के सैम्पल लिये गये और किस-किस प्रयोगशाला से सैम्पलों का निरीक्षण करवाया गया; ब्यौरा उनके परिणामों सहित दें; और

(च) सरकार स्वच्छ पेयजल आपूर्ति हेतु क्या-क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## सिंचाई/पेयजल योजनाएं

***3177 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) दिनांक 31-01-2016 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल सरकाघाट के अन्तर्गत कौन-कौन सी सिंचाई एवं पेयजल योजनाओं का कार्य प्रगति पर था; और

(ख) इनमें से कितनी योजनाएं ऐसी हैं जिनका निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण नहीं किया गया; ब्यौरा योजनावार देरी के कारणों सहित दें?

----

## मल-प्रवाह योजना का कार्य

***3178 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार का रोहडू बाज़ार व आस-पास के क्षेत्रों में मल-प्रवाह योजना का कार्य कब तक पूर्ण करने का प्रस्ताव है; ब्यौरा विलम्ब के कारणों सहित दें; और

(ख) सरकार क्या रोहडू में नगर एवं ग्राम योजना विभाग का संपर्क कार्यालय खोलने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## कैंसर रोगियों को सुविधा

***3179 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा कैंसर के रोगियों की चिकित्सा के लिए क्या-क्या सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि कैंसर के रोगियों के इलाज के लिए दवाइयां निःशुल्क दी जाती हैं; यदि हां, तो किस-किस को व कहां-कहां पर दी जा रही हैं; और

(ग) कैंसर के रोगियों के लिए PGI Chandigarh में क्या निःशुल्क इलाज का प्रावधान है; ब्यौरा दें ?

----

## कूहलों का निर्माण

***3180 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) गत तीन वर्षों में बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कूहलों के निर्माण व रख-रखाव हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा कूहलवार धनराशि सहित दें; और

(ख) इस अवधि में कितनी कूहलों का निर्माण कार्य ठेकेदारों द्वारा किया गया तथा उन्हें कब तक धन की अदायगी कर दी जायेगी?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र रहित पंचायतें

***3181 श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कितनी पंचायतें स्वास्थ्य केन्द्रों से वंचित हैं; ब्यौरा जिलाशः/विधान सभा क्षेत्रशः दें; और

(ख) सरकार की इन पंचायतों में स्वास्थ्य केन्द्र खोलने हेतु क्या योजना है; ब्यौरा सभा पटल पर रखें ?

----

## उठाऊ/बहाव सिंचाई योजनाएं

***3182 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की उठाऊ सिंचाई योजनाएं क्रमशः उटपुर, चुल्ला, लांगणा तथा नेरी-बनकोटला व बहाव सिंचाई योजनाओं क्रमशः टनू (कोहरा-सैथल) क्षेत्र तथा मनोह-मझारनू-भलैंदरा से वर्तमान में कितनी भूमि सिंचित की जा रही है;

(ख) यह सिंचाई योजनाएं क्या इन क्षेत्रों में समुचित सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु पर्याप्त हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार इन सिंचाई योजनाओं के सम्बर्द्धन व सुधार का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो विभाग द्वारा क्या पग उठाए गए; ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

----

## मछली पालन

***3183 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मत्स्य पालन हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) यह धनराशि क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर किस-किस उद्देश्य हेतु दी गई; ब्यौरा कार्यवार स्थान पर खर्च की गई धनराशि सहित दें?

----

## दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई

***3184 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में जिला ऊना के चिन्तपुरनी चिकित्सालय में भारी मात्रा में जीवन रक्षक दवाईयां स्टोर में पड़ी-पड़ी expire हो गई और कुछ दवाईयां वहां खुले व तालाब में भी मिली हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) यदि हां, तो यह किसकी लापरवाही के कारण हुआ और इसके लिए दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें?

----

## हैण्डपम्पों की स्थापना

***3185 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत तीन वर्षों में कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने हैण्डपम्प स्थापित किए गए तथा इनमें से कितने सुचारू रूप से चल रहे हैं और कितने खराब हैं; ब्यौरा दें?

----

## मजदूरों का नियमितीकरण

*3186 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार वन विभाग के कंडी प्रोजैक्ट में कार्यरत मजदूरों को जिन्होंने 8 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है को नियमित करने का विचार रखती है?

----

## पेयजल योजनाएं

*3187 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्ष 2013 से 31-01-2016 तक जिला चम्बा में कितनी पेयजल योजनाओं की स्वीकृति दी गई; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें; और

(ख) यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजनगर के लिए ईंडनाला पेयजल योजना को पूर्ण कर लिया गया है; यदि हां, तो क्या वहां पर पेयजल संकट समाप्त हो गया है; ब्यौरा दें ?

----

## अतिक्रमण हेतु नीति

*3188 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने गत सत्र में प्रदेश में हुए अतिक्रमण के सन्दर्भ में नीति निर्धारण करने का वक्तव्य दिया था; और

(ख) यदि हां, तो क्या कोई नीति निर्धारित कर दी गई है; यदि नहीं, तो कब तक ?

----

## नायब तहसीलदार की रिक्तियां

*3189 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में नायब तहसीलदार के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा तहसीलवार दें;

(ख) वर्तमान में नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नति हेतु क्या नीति है; और

(ग) सरकार क्या सभी रिक्तियों को कानूनगो से पदोन्नत कर भरने पर विचार करेगी; यदि नहीं, तो कारण?

----

## मत्स्य जीवी की नियुक्ति

***3190 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बिनवा नदी में मछली के अवैध शिकार को रोकने हेतु कितने मत्स्य जीवी रखे गए हैं; ब्यौरा नाम सहित दें ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 19 मार्च, 2016.** **सचिव।**